मेरे श्याम सा निराला कोई और नहीं है | By Mukesh Bagda

मेरे श्याम सा निराला कोई और नहीं है
हम दीनो का रखवाला कोई और नहीं है
मेरे श्याम सा निराला ....

जीवन की बाज़ी जो हारा उसका बना सहारा ये तो
जिसकी नैया डूब रही थी उसको दिया किनारा उसने
हमको राह दिखाने वाला कोई और नहीं है
मेरे श्याम सा निराला ....

बनके सुदामा जो भी आया कर दिए वारे न्यारे इसने
किस्मत से ज़्यादा ये देता भर देता भण्डारे ये तो
सोये भाग जगाने वाला कोई और नहीं है
मेरे श्याम सा निराला ....

कहने की दरकार नहीं है बिनमांगे मिल जाए देखो
अपने सेवक की मंशा का पता इसे चल जाए देखो
दु:ख में साथ निभाने वाला कोई और नहीं है
मेरे श्याम सा निराला ....

हर्ष ज़रा चरणों में झुक जा ये है सच्चा साथी अपना
तूफ़ानों में भी दीपक की जलती रहेगी बाते तेरे
हमको गले लगाने वाला कोई और नहीं है
मेरे श्याम सा निराला ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%94/